षोडश बिहार विधान सभा

त्रयोदश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-02 सोमवार, दिनांक- 01 जुलाई, 2019 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 01.23 बजे अप० तक ।

प्रश्नकाल प्रारंभ होते ही विपक्ष के माननीय सदस्यगण मुजफ्फरपुर में चमकी बुखार (AES) से हुई बच्चों की दुखद मृत्यु पर दिए गए कार्यस्थगन प्रस्ताव को स्वीकृत करने की मांग की गई ।

आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से प्रश्नकाल चलने देने में सहयोग करने का अनुरोध किया गया एवं कार्यस्थगन को निर्धारित समय पर उठाने का भी अनुरोध किया गया ।

किन्तु विपक्ष के माननीय सदस्यों द्वारा अपनी मांग को पुन: दोहराया गया ।

विपक्ष के माननीय सदस्यों की मांग और विषय की महत्ता एवं लोक महत्त्व को देखते हुए निम्नांकित माननीय सदस्यों से प्राप्त कार्य स्थगन की सूचना सदन में प्रस्तुत की गई ।

(i) श्री महबूब आलम
(ii) श्री रविन्द्र सिंह
(iii) श्री सत्यदेव राम
(iv) श्री सुदामा प्रसाद
(v) श्री भाई विरेन्द्र
(vi) श्री फैयाज अहमद
(vii) श्री मो० नेमतुल्लाह
(viii) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी
(ix) श्री विजय प्रकाश
(x) श्रीमती एज्या यादव
(xi) श्री समीर कुमार महासेठ
(xii) श्री अब्दुल गफूर
(xiii) श्री ललित कुमार यादव

(xiv) श्री राजेश कुमार

तदुपरान्त कार्य स्थगन सूचना का प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[1] **कार्यस्थगन प्रस्ताव पर विशेष वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने अपना-अपना पक्ष रखा ।**

(i) श्री महबूब आलम
(ii) श्री राजेश कुमार
(iii) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी
(iv) श्री सदानंद सिंह
(v) श्री ललित कुमार यादव
(vi) श्री अत्रिमुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव
(vii) श्री विजय शंकर दुबे
(viii) श्री सत्यदेव राम
(ix) श्री मो० नेमतुल्लाह

तदुपरांत सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री स्वास्थ्य विभाग श्री मंगल पाण्डेय द्वारा विशेष वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर के दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए परन्तु माननीय मुख्यमंत्री द्वारा इस विषय पर पक्ष रखने के क्रम में विपक्ष के माननीय सदस्यगण पुन: सदन में वापस आ गए ।

माननीय मुख्यमंत्री द्वारा इस विषय पर विस्तारपूर्वक स्थिति स्पष्ट की गई ।

सदन की सहमति से माननीय मुख्यमंत्री के वक्तव्य की समाप्ति तक सदन की कार्यवाही को विस्तारित किया गया ।

[2] **आसन की घोषणा**

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आज सदन की बैठक की समाप्ति के तुरंत बाद उनके कार्यालय कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आयोजित की गयी है ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 04.00 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[3] **वित्तीय कार्य :-**

वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श :-

वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्रीमती एज्या यादव
(अध्यासी सदस्य श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह ने आसन ग्रहण किया)
(ii) श्री मिथिलेश तिवारी
(iii) श्री ललन पासवान
(iv) श्री आनन्द शंकर सिंह
(v) श्री समीर कुमार महासेठ
(vi) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(vii) श्री अत्रिमुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव
(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

आसन से घोषणा की गयी कि वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श कल दिनांक-02.07.2019 को भी जारी रहेगा ।

[4] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 09 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

आसन से घोषणा की गई कि कार्यमंत्रणा समिति की बैठक अभी 04.00 बजे अप० में मेरे कार्यालय कक्ष में निर्धारित है ।

तदुपरान्त सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक-02 जुलाई, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-01.07.2019

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।